हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

04 एल-जीरो की जगह अब एल-वन बायोमेट्रिक...



08 ओवर ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे क्षेत्र का ...





### विदाई-2025 के बाद त्रयोदशी से होगी अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत

# इस वर्ष भी नववर्ष का स्वागत आस्था व प्रकृति के साथ होगा, तैयारियां हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुरूआत जिलेवासी अपने आराध्य के दर्शन के बीच प्रकृतिक वातावरण में मनाने की तैयारी में है। जनवरी की पहली तारीख को जिले में लाखों श्रद्धालु नर्मदा घाट,चौरागढ़, तिलक सिंदूर,आंवली घाट सहित अन्य धार्मिक स्थल पहुंचने को आतुर है। किसी प्रकार भी फुहड़ता न हो इसके लिए पुलिस भी कमान कस ली है। साथ निर्देश जारी कर दिए है।

वहीं 1 जनवरी पौष माह की त्रयोदशी तिथि को पड़ रही है। त्रयोदशी तिथि भगवान शिव को समर्पित है। ऐसे में जिलेभर के शिवालयों में शिव भक्तों की लंबी कतार देखने को मिलेगी। नववर्ष पर कई भक्त सलकनपुर स्थित देवीधाम माता के दर्शनों को भी जाते है। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

नए साल की तैयारियों को लेकर शहर वासी खासे उत्साहित हैं। ऐसे में वह सैर सपाटे पर निकलने की तैयारी में हैं। नव वर्ष प्रकृति के बीच मनेगा।



#### कमिश्नर की सख्त हिदायत

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने न्यू ईयर के दौरान पर्यटन स्थल पचमढ़ी, मढ़ई, चूरना, बोरी, आंवली घाट और विभिन्न नदी घाटों, सार्वजनिक स्थानों पर कानून और व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सख्त हिदायत दी की इन स्थानों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखी जाए तथा कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाए।

#### नववर्ष सहित आगामी त्योहारों पर व्यवस्था बनाने के निर्देश



जिले में नव वर्ष सहित आगामी 15 फरवरी से पचमढ़ी में आयोजित होने जा रहे मेले की तैयारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अनुविभागीय अधिकारी आकिप खान एवं अन्य मेले संबंधित अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिला सीईओ द्वारा श्रद्धालुओं के आवगमन को सुचारू बनाए रखने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेला क्षेत्र में पानी की सप्लाई, सफाई और ब्लीचिंग के छिड़काव के लिए संबंधित अधिकारियों को सीईओ हिमांशु जैन द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि मेले में दुकानदारों को ईको फ्रेंडली बांस के डस्टबिन का इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। दूसरी ओर नव वर्ष पर पचमढ़ी में पर्यटकों का जमावड़ा लगेगा इस कारण उनकी सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यटन स्थलों की पर बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश भी दिये गये हैं। विदित हो कि मेले में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु चौरागढ़ महादेव एवं जटाशंकर के दर्शन हेतु पहुंचेंगे।

#### प्रकृति के बीच मनेगा नववर्ष

होटल में डिनर, तेज म्युजिक और पार्टी आदि तरीके को छोड़ कई युवा नेचर के बीच नववर्ष मनाने की तैयारी में है। पचमढ़ी और मढ़ई और आसपास की वादियों में नववर्ष पर जाने की तैयारी में है।

## धान खरीदी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश अवहेलना की तो समिति को मिलेगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में धान खरीदी की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी व खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

जिन समितियों द्वारा खरीदी में निर्देशों की अवहेलना और गंभीरता नहीं बरती जा रही हैं। उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में धान उपार्जन की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए की नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा उपार्जित धान के स्वीकृति पत्रक शीघ्र तैयार किए जाए। जिससे किसानों को अविलंब भुगतान किया जा सके। साथ ही जिन किसानों के स्वीकृति पत्रक तैयार किए जा चुके हैं उनको भी भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सहकारिता, वेयरहाउसिंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम सहित अन्य जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समिति के अधिकारी अपने क्षेत्र के केंद्रों का सतत निरीक्षण करें।

व्यवस्थित रूप से धान खरीदी कराएं। जिन उपार्जन केंद्रों पर भंडारण क्षमता पूर्ण हो गई वहां से जेवीएस गोदामों में धान का परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए। जिले में 25,016 किसानों ने स्लॉट बुक कराया हैं। जिसमें से 15127 किसानों से 175832.56 मीट्रिक टन खरीदी गई हैं।

### कल्टीवेटर की चपेट में आकर किसान की मौत

**माखननगर।** ग्राम मानागांव में बड़ी दुखद घटना घटित हो गई अपने खेत में ट्रैक्टर रोटवेटर से खेत बना रहे किसान कमलेश पाल रोटावेटर की चपेट में आ गए जिससे उसकी मौके पर मौत गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया एवं घटना को विवेचना में लिया है।

### इको क्लब ने किया पौधरोपण

**माखननगर।** इको क्लब के अंतर्गत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखन नगर में पौधरोपण किया। जिसमें लगभग 150 पौधे लगाए गए।

## भारतीय किसान संघ की बैठक का हुआ आयोजन, लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को भारतीय किसान संघ तहसील इकाई की मासिक बैठक नर्मदा तट मारा गांव घाट पर रखी गई। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री भरत पटेल एवं प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान उपस्थित रहे।

बैठक में किसानों और कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से संगठन मंत्री को अवगत कराया उसमें प्रमुख रूप से धान खरीदी में हो रही अनियमितताओं और प्रोजेक्ट में बड़ी कंपनियों जैसे बायर, सिंजेंटा आदि कंपनियों ने किसानों से प्रोग्राम में धान खरीदी और आज तक उनके भाव तय नहीं किए गए और यह कहा गया कि हम जिस दिन जो मंडी का भाव रहेगा उसमें रूपए100 अधिक में आपका माल खरीदेंगे।

अब ऐसी स्थिति में किसानों से बायर कंपनी एवं सिंजेंटा कंपनी माल ले चुकी है परंतु भाव मंडी से अधिक नहीं दे रही है। जिससे किसान गुस्सा है।

## ई टोकन सुविधा बनी लोगों के लिए जंजाल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

किसान ब्लैक में खाद वितरण के लिए ई कूपन वितरण दिया जा रहा है, लेकिन अभी वर्तमान में यह सभी शामिल हुए किसानों को सुविधा ही असुविधा हो रही है। ई कूपन जी का जंजाल बना हुआ है।

कुंमहाबड के किसान चैन सिंह रघुवंशी ने आनलाइन कंम्पयूटर आपरेटर से खाद्य लेने के लिए ई कूपन वनवाया है। लेकिन कंम्पयूटर आपरेटर ने 1 बोरी डीएपी खाद के लिए काबरा एग्रो से लेने के लिए 1बोरी डीएपी खाद के लिए शोभापुर की पर्ची बनाई है। एक अन्य खाद की बोरी के लिए मंगलवारा बाजार के दुकान का लिखा है। 1 बोरी यूरिया खाद के लिए पचमढ़ी रोड पर स्थित क्रषि संसार का लिखा है।

अब अलग-अलग स्थानों से 3 बोरी खरीद कर गांव लेजाना है तो आटो में लगभग 400 रूपए का खर्च अलग से 50 रूपए का कूपन के इस तरह से किसानों को सुविधा ही नहीं बल्कि अब जी का जंजाल बना हुआ है। संचालक जयदीप पटेल ने बताया कि किसान को परेशानी हो रही है। लेकिन सरकार की व्यवस्था कर रही है।

## बनखेड़ी में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण को मिली स्वीकृति, सीधे जबलपुर मार्ग से जुड़ेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बनखेड़ी में अंडर ब्रिज निर्माण को रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने लोकसभा में लगातार इस विषय को प्रभावी ढंग से उठाया था और उनके द्वारा बनखेड़ी नगर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण हेतु लगातार प्रयास भी किया गया था। तत संबंध में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री शअश्वनी वैष्णव को 15 दिसंबर को पत्र में लिखा जिसमें उन्होंने रेल मंत्री को अवगत कराया था कि संसदीय क्षेत्र नर्मदापुरम-नरसिंहपुर अंतर्गत बनखेड़ी नगर में जहां 132 ग्रामों के नागरिकों की निर्भरता है वहां रेलवे क्रॉसिंग पर अत्यधिक यातायात के कारण आम जन, छात्र, किसान एवं व्यापारियों को गंभीर आवागमन संबंधी समस्याओं का प्रतिदिन सामना करना पड़ता है। नगर की प्रमुख सुविधा रेलवे लाइन के पास स्थित है। रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण से बनखेड़ी में सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा साथ ही लोगों को दो से तीन किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलेगी तथा बनखेड़ी नगर के 13 वार्ड सीधे गाडरवारा एवं जबलपुर मार्ग से जुड़ सकेंगे। इसके लिए सांसद ने रेल मंत्री से बनखेड़ी नगर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की थी। आज सांसद श्री चौधरी के सतत प्रयासों को रेलवे बोर्ड द्वारा मंजूर करते हुए इटारसी जबलपुर रेलखंड के बीच बनखेड़ी में अंडर ब्रिज निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के विद्यार्थियों किसानों व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए सुरक्षित सुगम एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा और साथ ही वर्षों से आ रही यातायात समस्या का स्थाई समाधान भी होगा।

## खेल, अनुशासन और उपलब्धियों का उत्सव बना स्पोर्ट्स कार्निवल 2025–26 का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम में आयोजित स्पोर्ट्स कार्निवल 2025–26 के दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 4 से 8 वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने खेल कौशल, अनुशासन व टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक मनीष अग्रवाल एवं निर्देशक निशा



अग्रवाल मैम रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में अनुष्का पांडेय, कक्षा 12वीं (सत्र 2024–25) की जिला टॉपर, की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व और अनुशासन भी सिखाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट, डांस परफॉर्मेंस और मार्शल आर्ट ने मन मोहा।

## धान खरीदी में लापरवाही बरतने पर अन्नदाता हो गए नाराज, मंडी गेट बंद कर बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विगत वर्षों से अलग-अलग लायसेंस वाले तथा कंपनी धान की खरीदी कर रही हैं। लेकिन वर्ष 2025/26मे किसान मजदूर संघ ने धरना प्रदर्शन किया गया और कृषि उपज मंडी में ताला लगा दिया।



किसानों की मांग कि है। जिसकी कीमत सही नहीं है। मंडी खुलते ही व्यापारी वर्ग ने 3500रुपए के भाव में खरीदा प्रारंभ की तो किसानों ने खरीदी बंद करके मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया और गेट पर ताला लगा दिया। दोनों तरफ से रास्ता बंद कर दिया गया।इस दौरान सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र कांग्रेस कमेटी से पुष्पराज पटेल, जितेंद्र भार्गव शिवराज राजौरा रमेश पटेल वोड़ना सहित हजारों किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। तहसीलदार वैभव बैरागी, नायब तहसीलदार नीरज बैस मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके सहायक संचालक सहित अन्य सभी शामिल हुए। किसानों का कहना है फार्च्यूनर कंपनी,वायर कंपनी सहित अन्य एक और कंपनी ने उर्वरक विक्रेता के माध्यम से मौखिक रूप से अनुबंध किया गया था। मंडी के भाव से हटकर 100 रूपए क्विंटल अलग खरीदी की जावेगी। लेकिन किसानों कहना है कि अनुबंध के अनुसार मंडी में 3950 रूपए के भाव में धान ब्रिकी तो कंपनियों के लोगों ने मोबाइल फोन बदकर लिए। जिसके कारण यह आंदोलन किया गया है। सचिव ने बताया कि सभी मंडी के भाव लिए हुए थे।

## रोमांचक मुकाबले में नर्मदापुरम ने अंडर-18 ट्रॉफी पर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित अंडर-18 बालक वर्ग स्वर्गीय अनिल परते ट्रॉफी पर नर्मदापुरम टीम ने कब्जा जमाया। सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दिन के निर्धारित ओवर तक 278 रन पर ऑल आउट हो गई थी । जवाब में बैतूल की टीम 228 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अंपायर ने पहली पारी में 50 रन की बढ़त के आधार पर नर्मदापुरम टीम को विजेता घोषित किया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्रियव्रत पटेल एवं तनिष्क सोलंकी को संयुक्त मेन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पुरस्कार वितरण हुआ।

### राम कथा के साथ होगा नव वर्ष का आगाज

**माखन नगर।** नर्मदा तट पर बसे ग्राम सांगा खेड़ा खुर्द में 1 जनवरी से 5 जनवरी तक संगीतमय राम कथा का आयोजन होने जा रहा है जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष महेश पालीवाल ने बताया भव्य राम कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है ग्राम के बाजार प्रांगण में प्रतिदिन 1:00 बजे से 4:00 बजे तक व्यास पीठ से राष्ट्रीय संत कार्नी बाल योगी ब्रह्मानंद जी महाराज अपने मुखारविंद से भक्तों को कथा सुनाएंगे।



## ग्राम के प्रतिभावान, छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम गूजर वाडा के हिंद पब्लिक स्कूल में ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान करने हेतु कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का पुष्प हार एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया। हिंद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रूपेश परसाई एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने पीयूष यादव पवन यादव रितिक यादव (तीनों अग्नि वीर )एवं स्वाति यादव का (मध्य प्रदेश पुलिस )में चयन होने पर ग्राम की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया ।

## कराते राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का बेहतर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंदौर स्थित डेली कॉलेज में आयोजित कराते की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

जिला कराते कोच सेंसई रवि साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले के खिलाड़ियों ने कुल 55 पदक अर्जित किए, जिसके फलस्वरूप मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन द्वारा नर्मदापुरम जिला कराते एसोसिएशन को ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी प्रदान की गई। गौरतलब है कि नर्मदापुरम लगातार दूसरे वर्ष यह ट्रॉफी जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहा है।

इस प्रतियोगिता में द चैम्प्स फन स्कूल, नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया।

### लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया विजिट

## संस्था का उद्देश्य हर वर्ग और हर समाज के प्रथम पंक्ति से लेकर अंतिम व्यक्ति की सेवा करना है प्रमुख: वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में समाज सेवा की संस्था लायंस क्लब के जिला गवर्नर शहर पहुंचे। लायंस क्लब तीन दुखियों की सेवा करती है। क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ और लायन रेनू वशिष्ठ लायन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री वशिष्ठ ने क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों को सम्मानित किया वहीं उन्होंने नए सदस्यों को शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्था कई देशों में संचालित हो रही है लेकिन भारत में इसकी सबसे ज्यादा सदस्य हैं। लायंस क्लब एक समाज सेवा संस्था है। दीन दुखियों की सेवा करती है। संपूर्ण भारत में



यह संस्था के लाखों सदस्य हैं । श्री वशिष्ठ ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है । उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा है। श्री वशिष्ठ ने कहा कि प्रदेश व जिले व नगर में संस्था हर वर्ग हर समाज के प्रथम पंक्ति से अंतिम व्यक्ति की सेवा करना मुख्य उद्देश्य है।

मानव कल्याण का काम करना हमारी संस्था की प्राथमिकता है । आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया लायंस क्लब के संविधान के तहत प्रतिवर्ष डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की विजिट का आयोजन में उन्हें वर्ष भर किए सामाजिक कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया जाता है ।

#### इस वर्ष की हुई सामाजिक गतिविधियों

संस्था द्वारा चार ब्लड डोनेशन कैंप, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर वृद्ध जन पार्क में लगाया गया। मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, मेंटल हेल्थ चेकअप पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । वहीं वृद्ध आश्रम में सूखा अनाज वितरित किया गया।

निशक्त विशेष विद्यालय में ठंड से बचने के लिए गद्दे प्रदान किए गए । गर्ल्स स्कूल कमिश्नर कॉलोनी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल कोठी बाजार में गरीब बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया । 100 कंबल गरीबों को प्रदान किए गए।

## स्प्रिंग डेल्स स्कूल में स्पेलाथॉन प्रतियोगिता का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थित स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं भाषा कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 30 दिसंबर को कक्षा छटवी से नौवीं तक के विद्यार्थियों हेतु हाउस-वाइज स्पेलाथॉन प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया।

इस प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस, अरविंदो हाउस, रविंद्रनाथ टैगोर हाउस एवं सुभाष चंद्र बोस हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वर्तनी शुद्धता, शब्द-ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता, स्मरण शक्ति, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत कुल छह ज्ञानवर्धक एवं रोचक चरण आयोजित किए गए, जिनमें बजर राउंड, पासिंग राउंड, रैपिड फायर राउंड, चित्र आधारित राउंड, वन-वर्ड सब्स्टीट्यूशन राउंड सहित अन्य शब्दावली आधारित गतिविधियाँ सम्मिलित थीं।

# राशन वितरण में आएगी तेजी, राशन उपभोक्ताओं को नहीं होना पड़ेगा परेशान

# एल-जीरो की जगह अब एल-वन बायोमेट्रिक स्कैनर करेगा थंब स्कैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राशन दुकानों की पीओएस मशीनों में एल-जीरो की जगह एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर लगाये गये है। जिसे लेकर कहा जा रहा है कि ग्राहकों को थंब मैचिंग (अंगूठा मिलान) के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर में एडवांस स्कैनर होने से यह आसानीपूर्वक अंगूठे के निशान को मैच कर लेता है। इससे ग्राहको को ज्यादा देर राशन दुकानों पर खड़ा नहीं रहना पड़ेगा और राशन वितरण प्रणाली भी आसान हो जायेगी। सेल्समेन भी जल्दी-जल्दी काम निपटा सकेंगे। दअरसल सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधार आधारित और पारदर्शी बनाने के लिए उचित मूल्य दुकानों पर स्थापित पीओएस मशीनों में एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर लगाये गये है। संचालनालय द्वारा जारी आदेश में यूआईडीएआई के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए उच्च स्तरीय बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण आवश्यक है। इसी के तहत राज्य की सभी उचित मूल्य दुकानों पर पीओएस मशीनों में एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर लगाए जाने का निर्णय लिया गया। बताया जा रहा है कि बैतूल जिले में यह काम शत-प्रतिशत हो चुका है और अब राशन दुकानों पर उपभोक्ताओं के थंब इसी सॉफ्टवेयर के जरिये मैच किये जायेगे।

### 662 दुकानों से 3 लाख से अधिक उपभोक्ता लेते है राशन

जिले में 662 दुकानें हैं जिनके माध्यम से 3 लाख, 9 हजार, 290 उपभोक्ता हर महीने राशन प्राप्त करते हैं। पीओएस मशीनों के जरिए राशन प्राप्त करने में उपभोक्ता या परिवार के किसी एक सदस्य को अपने अंगूठे का निशान भी लगाना होता है। इसका मिलान होने के बाद ही राशन मिलता है। कई बार थंब मैच नहीं होने पर लोगों को बिना राशन वापस लौटना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पीओएस मशीनों में एल-1 बायोमैट्रिक स्कैनर नया और एडवांस स्कैनर है। यह सभी प्रकार के अंगूठे को स्कैन कर पायेगा। जिससे लोग जल्दी ही राशन लेकर अपने घर लौट सकेंगे।

### अभी तक था एल-जीरो स्कैनर पर होता था काम

अभी तक राशन दुकानों पर जिन मशीनों का उपयोग हो रहा है, उनमें एल-जीरो सॉफ्टवेयर इंस्टाल होकर आया था। यह मशीनें यूआईडीएआई के पोर्टल से डाटा मैच करती हैं। अभी तक यूआईडीएआई द्वारा एल-जीरो स्कैनर का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा जहां-जहां भी बायोमैट्रिक मशीनों से सत्यापन होता है, वहां सभी जगह भी इसी स्कैनर उपयोग किया जाता था। लेकिन अब यूआईडीएआई ने साफ कह दिया है कि भविष्य में एल-जीरो स्कैनर से काम नहीं चलेगा। यूआईडीएआई ने सभी को एल-वन स्कैनर इंस्टाल करने को कहा है। जिसके बाद जिले की सभी राशन दुकानों की पीओएस मशीनों में एल-1 बायोमैट्रिक स्कैनर इंस्टॉल कर दिया गया है, जो स्कैनर का एडवांस फीचर है।

### उद्देश्य, वास्तविक लाभार्थी को मिले राशन

एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर का उद्देश्य यह है कि वास्तविक लाभार्थी को ही राशन मिले और अंगुलियों के कमजोर निशान, बुजुर्गों या श्रमिकों की पहचान में आ रही दिक्कतों को कम किया जा सके। बताया गया कि राशन दुकानों को जो पीओएस मशीनें दी गई है वह सालों पुरानी हो चुकी हैं, जिनमें कई बार तकनीकी खराबी आती थी और असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ता था। वहीं कमजोर निशान, बुजुर्गों या श्रमिकों की पहचान में भी देरी होती थी। इन सभी कारणों को दृष्टिगत रखते हुए और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण किए जाने में पारदर्शिता बरते के लिए ही पीओएस मशीनों में एल-1 स्कैनर लगाया जा रहा है, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन का वितरण किया जा सके।

**काम पूरा हो चुका है**

पीओएस मशीन में एल-1 बायोमेट्रिक स्कैनर सॉफ्टवेयर के इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो चुका है। अब इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से उपभोक्ताओं के थंब स्कैन कर राशन का वितरण किया जाएगा।

- **कृष्ण कुमार टेकाम**, जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

## खबर संक्षेप

### विधायक ने सीएम और मंत्री का जताया आभार

**भौंरा।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दो नए मार्गों को मुख्य जिला मार्ग घोषित किया गया है। जिसके लिए घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उइके ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के दो नए मार्गों को मुख्य जिला मार्ग घोषित किया गया है, जो क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इन मार्गों में उज्जैन परिक्षेत्र के उज्जैन-भोपाल-बैतूल मार्ग पर भौरा-फोफलिया-टांडा जोड़ तक का मार्ग और राजधानी परिक्षेत्र भोपाल के बैतूल में भौरा-धपाडा-सातलदेही चोपना मार्ग शामिल हैं। इन मार्गों की कुल लंबाई 85.40 किलोमीटर है, जिसमें उज्जैन मार्ग की लंबाई 43.90 किलोमीटर और बैतूल मार्ग की लंबाई 41.50 किलोमीटर है। इन मार्गों को मुख्य जिला मार्ग घोषित करने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से, इन मार्गों से इंदौर से छिंदवाड़ा मार्ग की दूरी कम होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### नए साल पर नशे में ड्राइविंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बैतूल।** पुलिस ने नववर्ष के जश्न को लेकर नागरिकों से संयम बरतने और जिम्मेदारी से उत्सव मनाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशे में वाहन चलाने वालों की जांच ब्रेथ एनलाइजर से की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति देने वाले अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। जिलेभर में ओवरस्पीडिंग, स्टंट ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई होगी। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों, पार्कों, चौकों और धार्मिक स्थलों पर मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया है। निर्धारित समय के बाद तेज आवाज में डीजे या साउंड सिस्टम बजाने पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और बच्चों के प्रति किसी भी तरह की छेड़छाड़, आपत्तिजनक टिप्पणी या फोटो-वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाने से तुरंत संपर्क कर सकते हैं। पुलिस ने नागरिकों से साइबर ठगी से सावधान रहने की भी अपील की है। अज्ञात लिंक, गिफ्ट वाउचर या कैशबैक ऑफर पर क्लिक न करने और बैंक या यूपीआई से संबंधित जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई है। सोशल मीडिया पर अफवाह या भडक़ाऊ पोस्ट फैलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। बैतूल पुलिस ने कहा है कि नागरिक खुशियों के साथ नया साल मनाएं, लेकिन कानून और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

### गंज अंडर ब्रिज से भारी वाहनों का आवागमन 30 जनवरी तक प्रतिबंध

**बैतूल।** मध्य रेल बैतूल उपमंडल के अंतर्गत बैतूलझ्रमरामझिरी रेल सेक्शन के कि.मी. 850/38-40 पर स्थित विजय भवन गंज के समीप रोड अंडर ब्रिज पर फ्लोरिंग एवं ड्रेनेज निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य के चलते यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। सहायक मंडल इंजीनियर, मध्य रेलवे बैतूल ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान बस, ट्रक और डंपर जैसे भारी वाहनों का आवागमन 30 जनवरी 2026 तक पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं दो पहिया और चार पहिया हल्के वाहनों को सावधानीपूर्वक आवागमन की अनुमति दी गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और कार्य पूर्ण होने तक सहयोग प्रदान करें।

# तहसील का मुस्कुराता चेहरा हमेशा के लिए हुआ खामोश

## तहसील में पदस्थ भृत्य मुन्ना देशमुख की मौत से शोक में डूबा पूरा परिसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई तहसील कार्यालय में वर्षों से सेवा दे रहे, हर आगंतुक की पहली पहचान बने हंसमुख और मिलनसार भृत्य मुन्ना देशमुख का मंगलवार को अचानक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही तहसील कार्यालय का माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम हो गई। तहसील परिसर में प्रवेश करते ही एसडीएम कार्यालय के सामने लगी कुर्सी पर बैठा एक मुस्कुराता चेहरा, जो पूछने से पहले ही आगंतुकों को यह बता देता था कि किस अधिकारी से कब और कैसे मिलना है—वही चेहरा अब हमेशा के लिए शांत हो गया। मुन्ना देशमुख केवल एक कर्मचारी नहीं, बल्कि तहसील कार्यालय की आत्मा जैसे थे। अपने सरल स्वभाव, मधुर व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा के कारण वे अधिकारियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी के प्रिय थे। वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने कभी अपने दायित्व से समझौता नहीं किया और हर आने वाले व्यक्ति की समस्या को अपनी समझकर समाधान का रास्ता दिखाया। मंगलवार सुबह 61 वर्षीय मुन्ना देशमुख रोज की तरह समय पर तहसील कार्यालय पहुंचे थे। वर्तमान में वे नायब तहसीलदार साईंखेड़ा वृत्त कार्यालय में पदस्थ थे। दोपहर लगभग 12 बजे वे कार्यालय में फाइल सिलने का कार्य कर रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। यह देखकर उनके पुत्र और सहकर्मियों ने बिना देरी किए उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर बताते हुए तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजनों और सहकर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार उनकी मौत का कारण हृदयाघात बताया जा रहा है।जैसे ही इस दुखद घटना की जानकारी तहसील कार्यालय पहुंची, पूरा परिसर शोक में डूब गया। अधिकारी, कर्मचारी कार्य छोडक़र अस्पताल पहुंचे। हर कोई स्तब्ध था कि जो व्यक्ति कुछ देर पहले तक हंसते हुए काम कर रहा था, वह अचानक इस तरह सभी को छोडक़र चला जाएगा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मुन्ना देशमुख के निधन से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा तहसील कार्यालय एक भरोसेमंद, आत्मीय और समर्पित सेवक को खो बैठा है।

### सीएमओ 2 सप्ताह के अवकाश पर, आरआई को सौंपा जिम्मा

*बैतूल। जिला मुख्यालय की नगरपालिका के सीएमओ सतीश मटसेनिया 29 दिसम्बर से एक पखवाड़े के लंबे अवकाश पर चले गए है। वे 12 जनवरी तक अवकाश पर रहेगें। इस दौरान उनकी अनुपस्थिति में राजस्व निरीक्षक ब्रजगोपाल परते को प्रभारी सीएमओ का दायित्व सौंपा गया है। श्री परते को इस दौरान परियोजना अधिकारीए जिला विकास अभिकरण के चालू प्रभार का भी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए है। श्री परते को इस अवधि में मुख्यालय न छोडऩे के लिए भी निर्देशित किया है।*

### पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

## 25 भाई-बहनों ने ली गुरु दीक्षा, 232 लोगों का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई के मंगलवार बाजार स्थल पर आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर 25 भाई-बहनों ने गुरुदीक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट मुलताई के पूर्व ट्रस्टी स्वर्गीय उत्तम राव देशमुख एवं उनके पुत्र स्वर्गीय अश्विनी देशमुख की पुण्य स्मृति में गुरुकृपा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बैतूल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 232 भाई-बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उपस्थित चिकित्सकों की टीम द्वारा आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक उर्मिला देशमुख एवं उनके पुत्र राजेंद्र देशमुख ने आयोजन को सफल बनाने में तन, मन और श्रम से सहयोग करने वाले सभी आत्मीय भाई-बहनों का स्वागत-सम्मान कर आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात टोली को भावभीनी विदाई दी गई तथा भव्य भोज-भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. पी.आर. बोडख़े, तहसील समन्वयक नारायण देशमुख, मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर, गुलाबराव चिल्हाटे, सुरेश मकोड़े, गणपति गायकवाड़, नामदेव चिल्हाटे, रवि खाड़े, हेमराज डडोरे, गंगा नरवरे, मीरा देशमुख, अनुसया उकंडे, मोहिनी सूर्यवंशी, रामदास देशमुख, रेखा परिहार, भजनलाल मालवीय सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के भाई-बहन उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: पार्वती बारस्कर


### नपा अध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण




**बैतूल।** शहर के विभिन्न वार्डो में इन दिनों डामरीकरण का कार्य चल रहा है। इसी तारतम्य में चंद्रशेखर वार्ड में सड़क का डामरीकरण कार्य मंगलवार को किया गया। जिसका निरीक्षण मंगलवार दोपहर को नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ किया। नपाध्यक्ष बारस्कर ने सड़क निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर नगरपालिका बैतूल के सब इंजीनियर महेंद्र राठौर एवं सडक निर्माण कर रही कंपनी बालाजी कंस्ट्रक्शन के सुपरवाइजर राहुल खांडवे को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दे कि लोगों की सुविधाओं के लिए नगरपालिका द्वारा शहर के वार्डो में निर्माण कार्य व सड़कों का डामरीकरण कार्य करवाये जा रहे है। चंद्रशेखर वार्ड में बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क का डामरीकरण किया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता देखने के लिए मंगलवार को स्वयं नगरपालिका अध्यक्ष वार्ड में पहुंची। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही या गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# नूतन वर्ष में नूतनडंगा सेक्टर पहुंचेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा

## 1 जनवरी को नूतनडंगा और चिखलपाटी में लेंगे बैठक



**बैतूल।** नूतन वर्ष के पहले दिन कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नूतनडंगा सेक्टर में बूथ वाइस बैठकों का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा 1 जनवरी, गुरुवार को नूतनडंगा सेक्टर का दौरा करेंगे और अलग-अलग स्थानों पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे।

यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर कांग्रेस की स्थिति को परखने और आगामी रणनीति तय करने पर जोर रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2.30 बजे नूतनडंगा में पहली बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में इमलीखेड़ा, नूतनडंगा और हिरणघाटी बूथों के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका, मतदाता संपर्क और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष निलय डागा कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुनेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे चिखलपाटी में दूसरी बैठक आयोजित की जाएगी। यहां चिखलपाटी और मरकाढाना पोलिंग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की जाएगी। बैठक में आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इन बैठकों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के साथ विधानसभा प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर, ब्लॉक प्रभारी सुरेंद्र सिंह राजपूत, चोपना ब्लॉक अध्यक्ष मनी मंडल और नूतनडंगा मंडल अध्यक्ष निताईकार भी उपस्थित रहेंगे। सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से संगठन की वर्तमान स्थिति पर फीडबैक लेंगे। कांग्रेस संगठन की ओर से बताया गया कि नए साल की शुरुआत बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने के उद्देश्य से की जा रही है। नूतनडंगा सेक्टर में होने वाली यह बैठकें आगामी राजनीतिक तैयारियों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

## विधायक ने भाजपा में आये कांग्रेसियों का किया स्वागत



**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, स्पष्ट संगठनात्मक नीति एवं आमला-सारनी विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस को सारणी में बड़ा राजनीतिक झटका लगा। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के विकासोन्मुख नेतृत्व, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे की जनसेवी कार्यशैली एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के सशक्त संगठनात्मक प्रयासों से प्रभावित होकर सारणी कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष सनोज देशमुख के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के नेतृत्व में किया गया। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। आमला-सारणी विधानसभा में बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम है कि आज अन्य दलों के कार्यकर्ता भी भाजपा की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। भाजपा में शामिल हुए सभी साथियों को संगठन में पूरा सम्मान एवं उचित दायित्व दिया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित, कार्यकर्ता-आधारित संगठन है। आज जो साथी भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं, उनका स्वागत है। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए सभी नवप्रवेशी साथियों के अनुभव का सकारात्मक उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष सनोज देशमुख ने भाजपा ज्वाइन करते हुए कहा कि भाजपा की रीति नीति एवं विधायक डॉ. योगेश पण्ड्राग्रे द्वारा क्षेत्र के विकास के लिये नई यूनिट जल आवर्धन की राशि 2300 रु करने, नई खदान का शुभारंभ जैसे कई विकास कार्य से प्रभावित होकर सैकड़ो साथियो के साथ भाजपा ज्वाइन की। इस अवसर पर पिंका ठाकुर (पूर्व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी), नरेश साहू सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ भाजपा में सम्मिलित हुए। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सूरज चापेकर, नरेश साहू, उपेश, इलाल खंडारे, शोहित डेहरिया, अभिषेक वाघपंजार, शुभम राजपूत, अमित उइके, सिद्धार्थ थोरात, निक्कू, राजा, सूरेखा नायक, नीलम, सोनू खंडारे, अनीता, संतापे, सुनीता इंगले, भोला संतापे, बेबी संतापे, सुनीता मोरले, अमित गाठे,शुभम प्रमोद सोनी, गंगा बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, मंडल पदाधिकारी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी रसोइयों, एमडीएम रसोइयों की समस्याओं को लेकर अटल सेना की महारैली कल

**बैतूल।** अटल सेना के तत्वाधान में कल गुरुवार को महारैली कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेगी। संघ के प्रांत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा) ने बताया कि शिवाजी चौक शहीद भवन से दोपहर 12 बजे महारैली निकलेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। केन्डु बाबा ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगें आंगनबाड़ी रसोइयों का मानदेय 3000 होना चाहिए, एमडीएम रसोइयों का मानदेय नहीं वेतन कलेक्टर दर चाहिए, ठेका पद्धति लागू नहीं की जाए आदि हैं। श्री चौहान ने सभी आंगनवाड़ी रसोईयों, एमडीएम रसोइयों और भोजन संचालित करने वाले समूह की महिलाओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आमला पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

# आमला एयरफोर्स स्टेशन से चोरी गए चंदन के पेड़ों का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई शिवकुमार सिंह के निर्देशन में गठित टीम द्वारा आमला एयरफोर्स स्टेशन से चोरी गए चंदन के पेड़ों के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना आमला पुलिस द्वारा चोरी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप पिता नागेश्वर राव शेंडे, 42 वर्ष, निवासी केदार चौक वरूड, जिला अमरावती महाराष्ट्र, पिंटू पिता सहदेव नागले, 24 वर्ष, संजय पिता महादेव कवरेती, 32 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम पावल, थाना मुलताई, को गिरप्फ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शेष है, जिसकी तलाश जारी है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि फरियादी कार्पोरल संदीप मोहबे पिता रामदयाल मोहबे, निवासी एयरफोर्स स्टेशन आमला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 16 नवंबर 25 की मध्य रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एयरफोर्स स्टेशन आमला की बाउंड्रीवाल में लगी लोहे की ग्रिल काटकर भीतर प्रवेश किया तथा लगभग 500 मीटर अंदर स्थित चंदन के 4 पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया गया। चोरी गए चंदन की अनुमानित कीमत 60,000 से 70,000 बताई गई। रिपोर्ट पर थाना आमला में अपराध क्रमांक 685/25, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर संदिग्धों से पूछताछ की गई तथा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य तकनीकी साधनों से प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं लोकेशन ट्रेस की गई। तत्पश्चात ग्राम पावल एवं वरूड क्षेत्र से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तथा आरोपियों से चंदन की लकड़ी के कटे हुए 5 लठ्ठे एवं चंदन की कटी हुई लकडय़ों के टुकड़े जप्त किए गए। कार्रवाई पुलिस टीम के निरीक्षक मुकेश ठाकुर, निरीक्षक आबिद अंसारी, उप निरीक्षक अमित पवार, सउनि. गंभीर सिंह रघुवंशी, प्रआर. 411 निलेश सोनी, प्रआर. 394 आलोक पटेल, प्रआर. 555 संतोष मालवीय, प्रआर. 210 विकास वमार, आर. 656 जितेंद्र पवार, आर. 719 तिलक कुडापे, आर. 541 आदेश कवरेती, आर. 452 विवेक टैटवार, आर. 147 राजेंद्र धाडसे, आर. दीपेंद्र सम्मिलित थे।

## जहरीले धुएं से नागरिकों का दम घुटा, आंदोलन की चेतावनी



**इटारसी।** न्यास कॉलोनी क्षेत्र में कचरे के ढेर में लगाई गई आग ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। साईं मंदिर के पीछे और बायपास किनारे डंप किए जा रहे कचरे में बीती रात अज्ञात तत्वों या कथित रूप से कर्मचारियों द्वारा आग लगा दी गई, जिसका जहरीला धुआं घरों में घुस रहा था। धुएं के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को हो रही थी।वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कचरा डंपिंग और आग लगाने की इस प्रक्रिया को तुरंत नहीं रोका गया, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर नगर पालिका अधिकारियों का घेराव करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

## अंडर 14 में अंकुर मीणा का हुआ चयन, दी बधाई

**माखन नगर।** ग्राम रेपुरा के अंकुर मीणा का ऑल स्टार क्रिकेट लीग इंडिया अंडर 14 में सिलेक्शन हुआ है ट्रायल मैच 3 जनवरी 2026को अकीरा अकादमी भोपाल में खेला जाएगा। अंकुर के पिता कृषक है ग्राम में जैविक खेती करते हैं मां आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता है।

### पचमढ़ी की वादियां मधुर गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियां से सरोबार रही

# पचमढ़ी महोत्सव में आर्मी बैंड की मधुर धुनों व वीवा डांस ग्रुप की नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

पचमढ़ी महोत्सव के तीसरे दिन पचमढ़ी की वादियां आर्मी बैंड की सुमधुर धुनो से सम्मोहित रही।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी महोत्सव में आर्मी बैड ने अपने चिर परिचित अंदाज में फिल्मी गीतों पर आकर्षक थुनों की प्रस्तुति दी। जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। पर्यटकों भाव विभोर हो गए। पर्यटक और भी ज्यादा आनंदित और भाव विभोर हो गए जब विवा डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपने नृत्य की छटा में बिखेरी।

पचमढ़ी की वादियां आकर्षक गीतो और नृत्य से सरोवर रही। मुंबई से आई और वॉइस ऑफ इंडिया में अपनी प्रस्तुति देकर चर्चा में आई विनती सिंह एवं दिव्यांश वर्मा की जोड़ी ने अपने गीतों से सभी उपस्थित लोगों, पर्यटकों और सैलानियों का मन मोह लिया। पचमढ़ी महोत्सव में दूर–दूर से आए पर्यटक और सैलानी शामिल हुए। पहले दिन सभी ने आकर्षक कार्निवाल का आनंद लिया था, उसके बाद सैलानियों ने दूसरे दिन सुश्री ऋतभंरा कुशवाहा के शास्त्रीय नृत्य और राजा रिचो के स्टैंड अप कॉमेडी का लुफ्त उठाया था। मुंबई से आए कलाकारों ने अपनी गातो की आकर्षक प्रस्तुति दी थी जिसका भी पर्यटन ने लुफ्त उठाया था। आज आर्मी बैंड के द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति और सुमधुर फिल्मी गीतों की धुनों ने पर्यटकों का आनंद दुगना कर दिया।

वीवा डांस ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। देर रात तक चले नृत्य प्रदर्शन मे पर्यटक स्वयं शामिल होकर अपने आप को झूमने से और नृत्य करने से रोक नहीं पाए। सदाबहार सिंगर अनिल नगरूरकर ने 90 के दशक के गीत एवं आधुनिक फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर सभी लोग सम्मोहित हुए और अपने आप को नृत्य करने से रोक नहीं पाए।

### प्रस्तुति ने लगाए चार चांद

पचमढ़ी महोत्सव में पचमढ़ी की सैर करने आए बच्चों ने भी शामिल होकर नृत्य और संगीत का आनंद लिया। पचमढ़ी महोत्सव में आकर्षक लोक नृत्य , गीत संगीत शास्त्री नृत्य , बॉलीवुड प्रस्तुतियां , बॉलीवुड की डांस प्रस्तुति और आर्मी बैंड के मधुर धुनो ने चार चांद लगा दिए। देर रात तक पर्यटको ने पचमढ़ी महोत्सव का आनंद लिया।

### फूड स्टाल ने मोहा मन

पचमढ़ी महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर विविध प्रकार के फूड के स्टाल भी लगाए गए थे। जिस पर विविध प्रकार के व्यंजन से बने व्यंजनो का सभी लोगों ने आनंद लिया विशेष कर बच्चों के लिए मोमोज और चाऊमीन के स्टाल लगाए गए हैं। पर्यटक इन फूड स्टालों पर पहुंचकर देसी और विदेशी तथा स्थानीय व्यंजनों का भरपूर लुफ्त उठा रहे हैं।

### प्रशासन ने की व्यवस्थाएं

जिला प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। पचमढ़ी के स्थानीय निवासियों , पर्यटकों और सैलानियों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ठंड से बचाव की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही सभी के सुख सुविधाओं का विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। पर्यटकों का कहना है कि इस बार भीषण ठंड के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से उनके मन में और आनंद दुगना कर दिया है। वह बिना किसी परेशानी के पचमढ़ी महोत्सव का पूरा लुफ्त उठा रहे हैं।

## माल गोदाम से सीमेंट से भरा ट्रक चोरी, सीसीटीवी में वारदात कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर के औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। इटारसी रेलवे स्टेशन स्थित माल गोदाम से महाराजा वेयर इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे सीमेंट से भरे एक ट्रक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। ट्रक में करीब 500 बोरी सीमेंट लदी थी, जिसकी बाजार कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ट्रक एमपी 09 एचजी 9910 के मालिक सुरेंद्र पाल सिंह भाटिया हैं। ट्रक चालक सोनू वर्मा शाम को रैक से सीमेंट लोड कर अनलोडिंग के लिए वेयरहाउस पहुंचा था। शाम करीब 7 बजे काम रुकने के बाद, ट्रक को सुरक्षित लॉक कर दिया गया था ताकि अगली सुबह उसे खाली किया जा सके। लेकिन जब सुबह चालक वेयरहाउस पहुंचा, तो वहां से ट्रक गायब था। वेयरहाउस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर चोरी की पुष्टि हुई।

### फुटेज में दिखे आरोपी

फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि रात के समय एक अज्ञात व्यक्ति ट्रक के कंडक्टर साइड से अंदर दाखिल हुआ और ट्रक स्टार्ट कर उसे परिसर से बाहर ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि मामले को जांच में लिया है, सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर रही है। आसपास के थानों और नाकों को अलर्ट कर दिया है। जल्द ही ट्रक और आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## नर्मदापुरम में मां नर्मदा जन्मोत्सव मनाने को लेकर तैयारियां हुईं तेज

### पानी से धोए जा रहे घाट, हटाई जा रही मिट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मां नर्मदा जन्मोत्सव एवं नगर के गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान तेज कर दिया गया है। विगत एक सप्ताह से घाटों की पानी मोटर लगाकर धुलाई की जा रही है। इसके साथ ही घाटों की पुताई कार्य भी शुरू हो गया है।

नोडल अधिकारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि मां नर्मदा जन्मोत्सव और नगर के गौरव दिवस की तैयारियां नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शुरू की जा चुकी है। घाटों की सफाई कर पुताई कार्य शुरू हो चुका है। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि लगातार घाटों की सफाई कराई जा रही है। जमीं मिट्टी को हटाने के लिए पानी के प्रेशर से घाटों को धोया जा रहा है। साथ ही घाटों की पुताई कार्य भी शुरू हो चुका है।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा ने बताया कि मां नर्मदा जयंती महोत्सव एवं नगर के गौरव दिवस मनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। सभी से आग्रह है कि मां नर्मदा के घाटों पर किसी भी प्रकार से गंदगी न करें। घाटों पर पालिथिन, साबुन और शैंपू प्रतिबंधित है। इनका उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है।

## खाद की मांग को लेकर पहुंचे किसान की नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



जपं सोहागपुर में मंगलवार को जनसुनवाई की गई। जिसमें ब्लॉक सोहागपुर के ग्राम माछा निवासी एक किसान खाद की मांग लेकर पहुंचा। लेकिन निष्ठुर अधिकारियों ने किसान की सुनी ही नहीं। किसान लगभग चार घंटे तक जनसुनवाई के कक्ष में फर्श पर बैठा रहा। जानकारी अनुसार किसान धर्मेश ठाकुर खाद न मिलने की समस्या को लेकर पहुंचा था। जहां किसान की समस्या का निराकरण नहीं हो सका।

इसके बाद प्रशासन से निराश किसान मंगलवार दोपहर तीन बजे तक जनसुनवाई कक्ष में धरने पर बैठा रहा। किसान ने आरोप लगाया कि जब वह उसकी समस्या को लेकर एसडीएम के पास पहुंचा, तो उन्होंने समस्या नहीं सुनी और चुप रहने को कहा। किसान ने बताया कि वह पिछले मंगलवार भी जनसुनवाई में खाद समस्या की शिकायत लेकर आया था। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी खाद ना मिलने के कारण वह पुनः जनसुनवाई में समस्या बताने आया। जहां एसडीएम ने किसान की बात नहीं सुनी, बल्कि उसे हड़का दिया। तब किसान मौके पर धरने पर बैठ गया। सूचना मिलने पर कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे ने मौके पर पहुंचकर खाद वितरण संबंधित अधिकारी से किसान की बात कराई। तथा किसान को तत्काल खाद दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान धरने से उठा।

## विधायक और नपाध्यक्ष ने किया डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहे नाले का निरीक्षण, बाजार क्षेत्र को मिलेगी जलभराव से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के बाजार क्षेत्र में जल निकासी की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नाले के निर्माण कार्य का विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। यह नाला शिक्षक नगर न्यास कॉलोनी से लेकर सूर्या होटल, चिकमंगलूर चौराहे तक बनाया जा रहा है। वर्तमान में नाले का निर्माण भारत टॉकीज रोड पर शिवा कॉम्प्लेक्स के पास तक पूर्ण हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. शर्मा ने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए कि नाले का कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा निर्माण इस प्रकार हो कि बाजार क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई प्रभावित न हो।जानकारी के अनुसार, नाला भारत टॉकीज रोड से आगे संस्कृत पाठशाला होते हुए गांधी मैदान की ओर मुड़ेगा और राधाकृष्ण मार्केट के साइड वाली गली से होकर निकलते हुए सीधे सूर्या होटल, चिकमंगलूर चौराहे पर जाकर मिलेगा।

इस मार्ग से बाजार क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से निजात मिलने की उम्मीद है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और यह नाला बाजार क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, ठेकेदार प्रशांत अग्रवाल, विजय चौरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नाला निर्माण पूरा होने के बाद बाजार क्षेत्र में जल निकासी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर होगा अखंड रामायण पाठ

**सोहागपुर।** सिविल कोर्ट के सामने स्थित चौधरी निवास में नववर्ष पर रामायण की चौपाईयां गूंजेंगी। क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी माधव सिंह के निवास पर पिछले 11 वर्षों से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। जो कि नववर्ष के प्रथम दिवस पर संपन्न होता है। चौधरी परिवार की नवीन पीढ़ी के सदस्य चौधरी शारदेंदु सिंह ने बताया कि उनके निवास पर गत 10 वर्षों से अंग्रेजी नववर्ष का अभिनंदन अखंड रामायण पाठ के साथ किया जाता है। शारदेंदु व उनके अनुज आनंद ने बताया कि इस वर्ष भी बुधवार 31 दिसंबर 2025 की दोपहर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया ।

## अतिक्रमण पर नगर पालिका की रस्म अदायगी अमला आगे बढ़ा, सामान पुनः सड़क पर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के बाजार क्षेत्र में मंगलवार को नगर पालिका के राजस्व अमले ने दुकानों के बाहर रखे अवैध सामान और होर्डिंग्स पर कार्रवाई की। हालांकि, यह कार्रवाई महज एक सरकारी औपचारिकता बनकर रह गई। नपा की टीम जैसे ही आगे बढ़ती, दुकानदार पीछे से फिर अपना सामान सड़क पर सजा लेते।

नगर पालिका के अमले ने पहली लाइन, बजाजी लाइन, चिकमंगलूर चौराहा और जय स्तंभ चौक के आसपास कार्रवाई की। इस दौरान सड़क पर रखे सामान और बोर्ड को लेकर दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई और न्यूनतम राशि के चालान काटे गए। कार्रवाई के दौरान सामान अंदर होता है, अमले के जाते ही सड़क फिर से संकरी हो जाती है। दुकानदारों की जिद और प्रशासन की सुस्ती बाजार के कुछ दुकानदार प्रशासन को सहयोग करने के मूड में नहीं दिखते। कुछ दुकानदार ऐसे हैं कि वे चालान भरने को तैयार हैं, लेकिन सड़क से सामान हटाने को नहीं। वहीं, नगर पालिका प्रशासन भी सख्त कदम उठाने के बजाय केवल खानापूर्ति के लिए रेवेन्यू (राजस्व) जुटाने तक सीमित नजर आ रहा है।

### पिस रही है आम जनता

प्रशासन और दुकानदारों की इस खींचतान में आम राहगीर सबसे ज्यादा परेशान हैं। अतिक्रमण के कारण बाजार में पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती, जिससे तंग आकर ग्राहक अब शहर के मुख्य बाजार के बजाय मॉल का रुख करने लगे हैं। नगर पालिका की राजस्व टीम का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## लोकतंत्र सेनानी संघ का गठन, बाजपेयी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नर्मदापुरम संभाग के हरदा एवं बैतूल जिलों के लोकतंत्र सेनानियों एवं लोकतंत्र प्रहरियों की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से लोकतंत्र सेनानी संघ का गठन किया। बैठक में राम आसरे वाजपेयी इटारसी को अध्यक्ष, शिवनारायण टांक हरदा को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र द्विवेदी पिपरिया को सचिव, नीरज बरगले नर्मदापुरम को सह सचिव, प्रसन्न हर्णे नर्मदापुरम को कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र प्रसाद दीक्षित इटारसी को मीडिया प्रभारी तथा शंभू सोनकिया नर्मदापुरम को संभागीय प्रभारी नियुक्त किया गया।

लोकतंत्र सेनानियों एवं लोकतंत्र प्रहरियों के परिजनों का सम्मेलन इटारसी में 01 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय अनंत राम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## श्रीमद् भागवत में कंस का वध, श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह कराया गया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आंचलखेड़ा



आंचलखेड़ा माता मंदिर में जारी सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिवस पर ब्रह्मचारी पं. भगवत दास महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा हैं। कथा के छठवें दिवस उन्होने व्यास गादी से श्री कृष्ण का मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद एवं कृष्ण रुक्मणि बिवाह की कथा सुनाई।

महाराज ने कथा में कहा कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राही त्राही जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे।

तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवा कर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया।

### वृंदावन गार्डन में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का पंचम दिवस

# देश बचेगा तो हम और हमारी संस्कृति बचेगी: राधादेवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



स्थानीय वृंदावन गार्डन में जारी सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन साध्वी राधादेवी ने देश की सेवा के लिए पूर्ण रूपेण समर्पित रहने के लिए जोर देकर कहा कि देश बचेगा तो हम सब बचेंगे, हमारी संस्कृति बचेगी। इसलिए सर्वप्रथम देश धर्म होना चाहिए।

कथा में साध्वी जी ने भगवान की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कन्हैया, जिसने अभी चलना भी नहीं आता है उन्होंने पूतना का उद्धार कर दिया। थोड़ा बड़ा होते ही प्रभु ने ऐसी ऐसी लीलाएं की कि राक्षसों को नींद आनी बंद हो गई। अकासुर बकासुर पता नहीं कितने राक्षसों को अंत किया और गोप गोपियों को आनंदित कर दिया।

कथा को विस्तार देते हुए कथाव्यास राधा देवी ने कहा कि भगवान ने गिरिराज पर्वत आदि लीला करते हुए काली दह में कूदकर शेषनाग के जहर से सभी बृजवासियों को मुक्त किया। छोटी सी अवस्था में अनेक माखन चोरी की लीला करते हुए कुबड़ा देवी का उद्धार कर कंस का वध कर वासुदेव देवकी और उग्रसेन को कंस के कारागार से मुक्त किया। महामंडलेश्वर श्री भैयादास महाराज ने कहा कि आज हम सब को जाति पाती को छोड़कर देश की सुरक्षा के लिए संगठित होना चाहिए और जो भी नेता जाति पाती में बांटने की बात करे उसको अपने नगर क्षेत्र में घुसने ही नहीं देना है क्योंकि हम बटेंगे तो निश्चित कटेंगे। मंगलवार की कथा में क्षेत्रीय विधायक सीतासरन शर्मा कथा श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने व्यासगादी का पूजन एवं कथाव्यास का स्वागत किया। कथा में भाजपा महिला मोर्चा ने भी व्यास पूजा कर साध्वी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में आयोजक समिति सेवन स्टार ग्रुप पूरे तन मन धन से कथा में सेवा कर पुण्य अर्जन में तत्पर है।

## ज्ञानसागर स्कूल व श्री गजानन शिक्षा समिति के वार्षिकोत्सव में सांसद और विधायक रहे शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

देश के लिए अच्छे नागरिक बनाना महत्वपूर्ण है और ज्ञानसागर स्कूल यह दायित्व निभा रहा है। यह बात सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ज्ञानसागर स्कूल के वार्षिकोत्सव पंचायत 2025 में बतौर मुख्य अतिथि गत दिवस कही। स्कूल प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष के वार्षिकोत्सव की थीम ग्राम विकास की योजनाओं पर आधारित थी।

स्कूल प्रबंधन के अनुसार सांसद ने कहा कि बहुत प्रसन्नता होगी जब ज्ञानसागर स्कूल का कोई विद्यार्थी अपनी उपलब्धि से देश का नाम रोशन करेगा। सांसद ने अंग्रेजी की कई कविताओं एवं कथनों से विद्यार्थियों व जनसमुदाय को प्रेरित करने का प्रयास किया। विधायक विजयपाल सिंह ने स्कूल प्रबंधन को सफल वार्षिक उत्सव पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्म व्यक्तित्व निर्माण के मूल तत्व हैं। शिक्षक द्वारा प्रदत्त ज्ञान ही श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करता है। इस दौरान स्कूल प्राचार्य अंजलि सीजर व संचालक डॉ. कविता पटेल सहित स्कूल व कॉलेज स्टाफ भी मौजूद रहा। वार्षिकोत्सव में नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, डॉ. बसंत पटेल पिपरिया, अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के संचालक, प्राचार्य, शिक्षक, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कर रहे उत्तरोत्तर सुधार

स्कूल संचालक डॉ. कविता पटेल ने उदबोधन में कहा कि स्कूल की बहुत सी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों के शिक्षण स्तर को और उन्नत करने के लिए प्रयास जारी हैं। डॉ. पटेल ने कहा कि ज्ञानसागर स्कूल के बच्चे अपना, स्कूल का एवं अभिभावकों का नाम रोशन करें व चहुमुंखी विकास हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के समक्ष महेंद्र कुमार चौधरी आत्मज हेमराज चौधरी एवं पीताम्बरा चौधरी आत्मज महेंद्र कुमार चौधरी ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी प.ह.न. 9/13 खसरा नं. 538/2 ऑनलाईन खसरा नं. 538/2/11 प्लाट नं. 2/10 रकवा 1000 वर्गफुट जिसके पूर्व में -अवध यादव का मकान, पश्चिम में- कॉलोनी रोड, उत्तर में- खरे का प्लाट, दक्षिण में -भोपाल वालों का प्लाट जो वार्ड नं. 04 राजेंद्रपुरा गोंडी मोहल्ला इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग कर रहे है उक्त विक्रय पत्र की लिंक सेलडीड दिनांक 23/07/2012 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1597 पृष्ठ क्रमांक 01-06 दस्तावेज क्रमांक 819 जो विक्रेता आशुतोष पटेल आत्मज नंदकिशोर पटैल ने क्रेता पूनम नामदेव आत्मज मनीराम नामदेव एवं श्रीमती पूजा नामदेव पत्नि पूनम नामदेव को निष्पादित की थीं एवं लिंक सेलडीड दिनांक 22/06/2015 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1922 पृष्ठ क्रमांक 79-84 दस्तावेज क्रमांक 477 जो विक्रेता पूनम नामदेव आत्मज मनीराम नामदेव एवं श्रीमती पूजा नामदेव पत्नि पूनम नामदेव ने क्रेता श्रीमती सलमा तनवीर पत्नि मो. हजरत को निष्पादित की थी उक्त लिंक सेलडीड गारंटर/स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन उनके द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक सेलडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक सेलडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय एन. के साहू अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी
मो. नं. 9425040080

**खबर संक्षेप**

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 22 तक

**हरदा।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर-2026) के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर को किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अपने नाम की जांच कर समय-सीमा में आवश्यक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करें, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। मतदाताओं को सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप सूची में अवश्य जांचना चाहिए। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।

## हरदा में चायनीज मांझा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**हरदा।** जिले में नायलॉन और सिंथेटिक मांझा, जिसे आमतौर पर चायनीज मांझा के नाम से जाना जाता है, के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दियाहै। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, सिद्धार्थ जैन ने मानव जीवन, स्वास्थ्य, और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। जारी आदेश अनुसार केवल उन्हीं सूती धागों से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी जो किसी भी तेज, धात्विक, कांच के घटकों या मजबूत करने वाली सामग्रियों से मुक्त हों। आदेश का उल्लंघन दंडनीय अपराध माना जाएगा।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**रहटगांव।** टिमरनी थाना क्षेत्र के एक आरोपी ने महिला को शादी का झांसा दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं महिला के साथ मारपीट भी की। आरोपी उसके घर में जबरन घुस गया। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बिच्छापुर निवासी पवन (33) पिता कैलाश जाट ने रविवार रात को टिमरनी थाना क्षेत्र की महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने 26 साल की महिला को शादी का झांसी दिया। उसके घर में जाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं महिला के साथ आरोपी ने मारपीट भी की। टिमरनी थाना प्रभारी मुकेश गौड़ ने बताया महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एससी- एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट से जेल भेज दिया।

## बोलेरो से भारी मात्रा में देसी शराब और बीयर जब्त

**हरदा।** नए साल के जश्न से पहले पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में देसी शराब और बीयर जब्त की है। सिविल लाइन थाने के एसआई संदीप यादव के अनुसार, सोमवार शाम ग्राम कांकरिया में एक मकान से अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने बताए गए पते पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी शंकर विश्नोई मौके से फरार हो गया। मकान की तलाशी में शराब नहीं मिली, लेकिन परिसर के पीछे खड़ी बुलेरो वाहन की जांच में देसी शराब और बीयर की कुल 18 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने बुलेरो वाहन सहित शराब जब्त कर ली है। फरार आरोपी शंकर विश्नोई के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि इसी दिन आदिवासी संगठनों ने ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब बिक्री का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसके कुछ ही घंटों बाद यह कार्रवाई सामने आई।

## मलेरिया, डेंगू नियंत्रण के लिए सामयिक सलाह

**सीहो।** वर्तमान में बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संभावित रोगों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के नियंत्रण के लिए अपने आसपास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किए जाएं। अपने घर एवं कार्यालय परिसर के आसपास सफाई न होने की स्थिति में मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया रोग के फैलने की संभावना होती है। इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस पास साफ-सफाई की व्यवस्था आवश्यक है।

### अधिकारियों ने निर्माण शुरू करने की तलाशी संभावनाएं

# ओवर ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आ रहे क्षेत्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में ब्रिज कॉरपोरेशन, राजस्व विभाग और नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संभावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। ब्रिज कॉरपोरेशन के एसडीओ गिरीश हिगवे ने बताया कि निजी भूमि के भू अर्जन की प्रक्रिया प्रोसीजर में है। वहीं शासकीय भूमि का एरिया ब्रिज में आ रहा है उसका निरीक्षण किया गया है। एलाइनमेंट एरिया में आ रहे मंगलवारा बाजार जो की साप्ताहिक बाजार के रूप में लगता है उसका भी निरीक्षण किया गया। नगर परिषद की पाइपलाइन सप्लाई के बारे में भी इंजीनियर से जानकारी ली गई। वहीं अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी निकलकर सामने आई कि मंगलवारा बाजार को ट्रांसफर किया जाएगा। वहीं अधूरे पड़े हुए बाजार को हटाने का काम भी किया जाएगा। टीन शेड हटाने, अधूरे पड़े ओटलों को हटाने का काम किया जाएगा।

### मंगलवार बाजारा पहुंचे ब्रिज कॉरपोरेशन राजस्व और नगर परिषद के अधिकारी

खिरकिया के रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर मंगलवार को ब्रिज कॉरपोरेशन, राजस्व विभाग और नगर परिषद खिरकिया के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मंगलवारा बाजार पहुंचकर निर्माण शुरू किए जाने संबंधित संभावनाएं तलाशी। मिली जानकारी के अनुसार करीब 56 करोड़ रुपए के लागत वाले



रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने के आसार है। इसके अंतर्गत अधूरे पड़े हुए मंगलवारा बाजार को डिस्मेंटल किया जाएगा। गौरतलब है कि रोजाना हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक और ग्रामीण शहर के बीचो-बीच स्थित रेलवे गेट ट्रेनों की आवाजावी चलते बंद होने की स्थिति में जाम की स्थिति में फंसते हैं और परेशान होते रहते है ब्रिज निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा।

**इनका कहना है...**

*सप्ताह में एक दिन लगने वाले मंगलवारा बाजार को शिफ्ट करने का काम किया जाएगा। नगर परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि अधूरे पड़े हुए बाजार को डिस्मेंटल करें ताकि संबंधित विभाग ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू करवा सकें।*

**शिवांगी बघेल, एसडीएम खिरकिया**

*ब्रिज के एलाइनमेंट एरिया में आने वाले निजी भूमि की भू अर्जन कार्रवाई जारी है। जो शासकीय भूमि आ रही है उसका निरीक्षण किया गया है।*

**गिरीश हिगवे, एसडीओ ब्रिज कॉरपोरेशन**

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम जूनापानी निवासी ममता मालवीय ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सब्सिडी की मांग की, जिस पर उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक को मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। ग्राम बीड़ निवासी किसानों ने बैंक व बीमा कम्पनी की गलती के कारण खरीफ फसल की बीमा राशि नहीं मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अग्रणी बैंक प्रबंधक को मामले की जांच कर आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम जात्राखेड़ी निवासी धर्मेन्द्र पाराशर ने भावान्तर योजना के तहत भुगतान प्राप्त नहीं होने की शिकायत की, जिस पर उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम बीड़ के किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को नहर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। ग्राम कुंजरगांव निवासी विशाल ने गल्ला पर्ची पर कम गल्ला मिलने की शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

# जन शिक्षा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया

**रहटगांव।** जन शिक्षा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शन मेला का आयोजन शासकीय हाई स्कूल फुलडीं में हुआ। इस दौरान पंजीयन 42 के हुए जबकि उपस्थित रहे 36 छात्र-छात्राएं पहुंचे।



जिसमें छात्र-छात्राओं ने सौरमंडल, वाटर हार्वेस्टिंग, कोण बनाना, कुतुव मीनार, भारत के पड़ोसी देश का नाम व चित्र, सोलर हाउस, ज्वालामुखी, वायुमंडल की परतें, कार्बन चक्र, हरित ऊर्जा, स्वच्छता ,प्रदूषण, चंद्र ग्रहण, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि मॉडल बनाकर छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी मेले में पहुंचे। जिस दौरान जन शिक्षा केंद्र स्तर विज्ञान प्रदर्शनी चयन समिति गौरव श्रीवास, मुकेश मालवीय, राजेश धार्मिक, अनिल शुक्ला, मुकेश उपाध्याय, रामराज सोलंकी, योगिता कोल्हे, सुशीलदास बर्मन, राकेश मल्हारे, गजाधर कुशवाहा,हीरालाल चौहान, कृतिका काले, नितिन गौर, ओमप्रकाश मालवीय। इसी प्रकार कन्या जनशिक्षा केन्द्र रहटगांव में विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजन किया गया। जेएसके स्तर पर किया गया जिसमें सभी माध्यमिक शालाओं से 27 बच्चों ने अपना-अपना विषय पर प्रभावी मॉडल तैयार कर भाग लिया। जिसमें मूल्यांकन प्रभारी बनाए गए। विज्ञान विषय के राजेश ठाकरे, समीक्षा गौर, प्रमिला चौहान पर्यावरण विषय के वर्षा बजाज, सुंदरलाल कुल्हारे और गणित विषय के ध्रुव कुमार गौर, गणेश राजगीरे सामाजिक विज्ञान के शंकर सेजकर, उमेश कुमार वेश सहयोगी शिक्षक संतोष वर्मा, संतोष पाल, नर्मदी धाकड़, अनिल जागनवार , जन शिक्षक कमलेश गौर एवं अन्य माध्यमिक शिक्षक अतिथि शिक्षक शामिल रहे।

### कलेक्टर ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

# हरदा में होगा पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट

**हरदा।** आगामी 24 जनवरी को जिले का पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वावधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह जानकारी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को दी। यह आयोजन क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जहां खिलाड़ी अपने ही जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आलोक जैन, सचिव पी.सी. पोर्ते, मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।



संगठन के अध्यक्ष आलोक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में कुल 1 लाख 51 हजार की प्राइज मनी विभिन्न कैटेगरी में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी - राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

## दुग्ध समृद्धि अभियान के द्वितीय चरण में 7952 पशुपालकों के घर जाकर किया संपर्क

**हरदा।** दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के तहत जिले में अभी तक 7952 पशुपालकों से घर पर जाकर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा भेंट की गई। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि अभियान पूर्ण होने में दो दिन शेष है। कार्यकर्ता शेष बचे पशुपालकों से भी घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। अभियान में कार्यकर्ताओं द्वारा संवाद किए जा रहे हैं तथा मध्य प्रदेश शासन द्वारा बनाए गए वीडियो पशुपालक को भेजे जा रहे हैं। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. श्यामकली पटेल, अतिरिक्त संचालक, राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल एवं संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं भोपाल नर्मदापुरम संभाग भोपाल डॉ. एसके परनाम ने जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो ग्रामों में भ्रमण कर पशुपालकों से संवाद किया और जानकारी प्राप्त की। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. श्यामकली पटेल द्वारा विकासखंड टिमरनी के सिरकम्बा, टेमागाँव, छिदगांव मेल, विकासखंड हरदा के नीमगांव, कड़ोला उबारी, सामरधा तथा विकासखंड खिरकिया के कालकुण्ड, बंदी मुहादिया ग्रामों के पशुपालकों से संवाद किया गया। इसी प्रकार संयुक्त संचालक भोपाल नर्मदा पुरम संभाग डॉ. एसके परनाम द्वारा विकासखंड हरदा के ग्राम मसनगाँव, विकासखंड खिरकिया के बारंगा एवं विकासखंड टिमरनी के बरकलां एवं छिदगांव मेल के पशुपालकों से संवाद किया गया। इस अभियान में पशुपालकों को उन्नत पशुपालन, पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण और नस्ल सुधार विशेष रूप से सेक्स सॉर्टेड सीमन की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान कराए जाने से मादा बछिया पैदा होने के 90 से 95 प्रतिशत चांस होते हैं।

## महिलाओं के सम्मान में बैनर-पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी युवक कांग्रेस

**सीहोर।** महिलाओं के सम्मान में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और बेनर पोस्टरों के साथ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपास्थिति में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश की उन्नव विधानसभा क्षेत्र के दुष्कर्मी हत्यारें भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर को कोर्ट के द्वारा दी गई जमानत पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को युवक कांग्रेस भोपाल संभाग प्रभारी गीता तड़वे ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा नेताओं पर महिलाओं युवतियों के साथ अन्याय अत्याचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं।

### आदर्श रामलीला मंडल फुलडी ने किया रामलीला का आयोजन

# शिव विवाह व नारद मोह का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

आदर्श रामलीला मंडल फुलडी द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मंचन दोहे एवं चौपाई पंडित शिवदास माकवे द्वारा गणेश वंदना के साथ प्रारंभ की एवं दोहा, चौपाई व्यास द्वारा संचालित की। इसमें प्रथम दिवस शिव विवाह एवं नारद मोह का लीला दिखाया गया।

भगवान शंकर ने सती को त्याग दिया और उसे दूर चले गये, भगवान शंकर जी कैलास चले जाते है 87 हजार वर्ष तक वही समाधि ले कर कैलास पर रहे और माता सती दूर रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि उपास का मतलब है कि एक ऐसे दिन जो पूरा उपास में निकले मतलब जो बाकी दिनों से अलग हो। साथ ही फलियार का मतलब फ़ल हार होता है।



श्रद्धा और विसवास से भजन करोगो तो भूख नही लगती। भगवान शंकर ने शती में माता सीता स्वरूप में दिखने लगी और भगवान शंकर माता सीता को माता के रूप में देखते हैं। संसार के सुख से अंत मे दुख ही मिलता है। सति को कथा सुनाते सुनाते बह भगवान में लीन हो जाते है। मगर सति का मन नही लग रहा था। सती कर पिता दक्ष के पता घर यग करा रहे थे मगर माता सति ओर शंकर को नही बुलाया। जब भगवान शादी के लिए बरात ले कर चलते है और धूम धाम से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह किया गया।

### कमल खेल महोत्सव : ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता आयोजित

# कोई दौड़ में तो कोई गोला भला फेक कर अपनी शारीरिक क्षमता के आधार पर विजेता बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में चल रहे कमल खेल महोत्सव प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मसनगांव, शास हाई स्कूल नयापुरा, शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शास नगरपालिका स्कूल हरदा, शास महात्मा गांधी स्कूल हरदा, सन फ्लावर स्कूल हरदा, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा एवं अन्य शासकीय अशासकीय स्कूल के 12 वर्ष से 19 वर्ष आयु के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महामंत्री भाजपा वसंत राजपूत, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, ब्लॉक



समन्वयक सलमा खान के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय कर किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों में कोई दौड़ में तो कोई गोला भला फेक कर अपनी शारीरिक क्षमता के आधार पर विजेता बना।

बालिका वर्ग में 60 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रिंसी उईके, 100 मीटर में प्रथम स्थान प्रिंसी उईके, 200 मीटर में प्रथम स्थान अराध्या सगर, 400 मीटर मे प्रथम स्थान भारीगा टॉवर और 800 मीटर में अन्वी राजपूत विजेता रही। इसी प्रकार लंबी कूद में प्रथम स्थान पर रजनी कलम, ऊंची कूद में नमिता कलम, गोला फेंक में रजनी कलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 60 और 100 मीटर में राजीव यादव, 200 मीटर में कलश तिवारी, 400 मीटर में हेमंत खंडे, 800 मीटर में अजय मलाजपुरे, 1500 मीटर में दिव्य भैंसारे, गोला फेंक में सक्षम सोलंकी, लंबी कूद में हेमंत खंडेल, ऊंची कूद में यश कनक, भाला फेंक में सक्षम सोलंकी ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए।

जिला ओलिंपिक संघ अध्यक्ष संदीप पटेल से प्राप्त जानकारी अनुसार तीनों विकासखंड से चयनित खिलाड़ी 5 जनवरी से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला स्तर पर 12 से 18 वर्ष आयु एवं 19 वर्ष से 25 वर्ष आयु के बालक बालिका खिलाड़ियों भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में क्लब एवं कॉलेज के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

## तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में उड़ान स्पोर्ट मीट का शुभारंभ

**भैरुंदा।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय 'उड़ान स्पोर्ट मीट' का शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस स्पोर्ट मीट के अंतर्गत विद्यार्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए कुल 15 प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात संस्था की प्राइम मिनिस्टर धार्मिक जाट द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्पोर्ट मीट का शुभारंभ किया गया। मशाल के साथ मैदान में प्रवेश करते ही पूरा परिसर खेल उत्साह से गूंज उठा। इसके बाद संस्था के चारों हाउस - लिटिल लायन, एक्सपर्ट ईगल्स, टैलेंटेड टर्टल एवं सॉलिड शार्क - के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस कैप्टन के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट के



पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्पोर्ट्स डांस की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम को और भी भव्य स्वरूप प्रदान किया। उड़ान स्पोर्ट मीट के अंतर्गत कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें शारीरिक दक्षता के साथ-साथ बौद्धिक कौशल से जुड़े खेल भी शामिल हैं। सभी प्रतियोगिताएं हाउस सिस्टम के अंतर्गत संपन्न होंगी, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके।